# वीयू – कुलपति ने ली समीक्षा बैठक



नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रोफेसर मनदीप शर्मा जी द्वारा आज दिनांक 29 अप्रैल 2025 को विश्वविद्यालय सभागार में विश्वविद्यालय अधिकारियों के साथ हाइब्रिड मोड पर एक बैठक ली जिसमें उन्होंने विश्वविद्यालय के अधीनस्थ समस्त वेटरनरी कॉलेज, फिशरी कॉलेज तथा डिप्लोमा कॉलेज में किए गए गत शैक्षणिक वर्ष व वित्तीय वर्ष के कार्यों की समीक्षा तथा वर्तमान सत्र में किए जाने वाले शैक्षणिक, अनुसंधान व विस्तार संबंधी साथ ही छात्र–छात्राओं की हॉस्टल सुविधा, सभी महाविद्यालयों में संचालित एवं किए जाने वाले कार्यों की जानकारी तथा समय पर कार्य पूर्ण करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए।

उक्त बैठक में विश्वविद्यालय कुलसचिव डॉ. एस.एस. तोमर वित्त नियंत्रक श्री महेश कोरी, डॉ. जी.पी. लखानी अधिष्ठाता वेटरनरी कॉलेज डॉ. आर.के. शर्मा, डॉ. सुनील नायक अधिष्ठाता मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय डॉ. शशिकांत महाजन, अधिष्ठाता महू डॉ. बी.पी. शुक्ला एवं अधिष्ठाता रीवा डॉ. सिंह ऑनलाइन माध्यम से जुड़े थे साथ ही डॉ. आर.वी. सिंह, डॉ कारमोरे, डॉ. बी. राय, डॉ. एस. घोष, डॉ अक्षय गर्ग, डॉ पूनम शाक्य डॉ रामकिंकर मिश्रा एवं डॉ. सोना दुबे उपस्थिति रही।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि.,जबलपुर